# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, ३ जून २०२४


**PAGE NO : 08 TOP**

## सामाजिक चेतना से ओतप्रोत नाटक 'सांच' का मंचन

**बरेली।** स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा में रविवार को नाटक 'सांच' का मंचन किया गया। विनायक कुमार श्रीवास्तव निर्देशित नाटक के जरिये कलाकारों ने समाज में बढ़ती संवेदनहीनता, महिलाओं के प्रति अपराध, सत्ता और व्यवस्था के दुरुपयोग पर प्रहार किया। ट्रेन से यात्रा के दौरान नौकरी पेशा लड़की सोनिया को गुंडे परेशान करते हैं। उसी ट्रेन में सवार आर्यन गुंडों का विरोध करता है। इस पर गुंडे आर्यन के साथ मारपीट करते हैं और उसे चलती ट्रेन से फेंक देते हैं। इससे आर्यन की मृत्यु हो जाती है। सोनिया पुलिस को बुलाती है। इंस्पेक्टर तीनों गुंडों को पकड़ लेते हैं, लेकिन उसमें से एक लड़का विक्की स्थानीय विधायक का भतीजा है। थाने में इंस्पेक्टर विजय सोनिया के मंगेतर अभिषेक को बुलाता है और उसकी बात विधायक से करवाता है। विधायक अभिषेक को धमकाता है। अंततः सोनिया कोर्ट का सहारा लेती है और गुंडों को सजा दिलाती है। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद